उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

soexamthree@gmail.com

संख्या :102(1)/16/E-3/DR(RO/ARO)/2023-24, दिनाँक :: 04 अक्टूबर, 2024

विस्तृत विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–A-1/E-3/DR(RO/ARO)/2023 दिनांक 08 सितम्बर, 2023 द्वारा विज्ञापित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023 की मुख्य परीक्षा (वस्तुनिष्ठ एवं परम्परागत प्रकृति) का आयोजन दिनांक 26 एवं 27 अक्टूबर 2024 (शनिवार एवं रविवार) को उत्तराखण्ड राज्य के 02 जनपदों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में निम्न कार्यक्रमानुसार किया जायेगा–

परीक्षा तिथि/दिवस	समय	सत्र	विषय	विषय कोड
26 अक्टूबर 2024, (शनिवार)	पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक।	प्रथम सत्र	सामान्य अध्ययन (वस्तुनिष्ठ प्रकृति)	91
	अपराह्न 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक।	द्वितीय सत्र	हिन्दी संरचना (परम्परागत प्रकृति)	92
27 अक्टूबर 2024, (रविवार)	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक।	एकल सत्र	निबन्ध (परम्परागत प्रकृति)	93

नोट– अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे परीक्षा दिनांक **26.10.2024 को प्रातः 7:30 बजे एवं दिनांक 27.10.2024 को प्रातः 8:30** बजे तक प्रत्येक दशा में परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर पहुॅच जाए, जहां प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी ली जाएगी तथा प्रत्येक अभ्यर्थी की उसके प्रवेश–पत्र एवं फोटो पहचान पत्र के साथ वीडियोग्राफी भी की जायेगी।

उक्त परीक्षा के लिये औपबन्धिक रूप से अर्ह अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र (Admit Card) दिनांक 11 अक्टूबर, 2024 से आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र (Admit Card) डाक द्वारा पृथक से प्रेषित नहीं किये जायेंगे तथा अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।